प्रियंका के साथ ऐक्शन फिल्म करना चाहती हैं परिणीति चोपड़ा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जबरिया जोड़ी के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म में वह ऐक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा वह साइना नेहवाल की बायॉपिक में भी दिखेंगी। अपने शेड्यूल के कारण परिणीति काफी बिजी हैं लेकिन फिर भी हाल ही में जब वह मुंबई के ट्रैफिक में फंसी थीं, उन्होंने ट्विटर पर सेशन के लिए समय निकाला ताकि वह फैंस से बात कर सकें। ऐक्ट्रेस ने कुछ लोगों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक यूजर ने उनसे पूछा कि किस फिल्म में वह बहन प्रियंका चोपड़ा के साथ काम करना चाहेंगी।

इस सवाल के जवाब में परिणीति ने कहा, अच्छा सवाल! मुझे लगता है कि हमें दो लड़कियों वाली ऐक्शन फिल्म करनी चाहिए जिसमें हम दोनों गाना भी गा सकें। इसके आगे इसी ट्वीट में उन्होंने प्रियंका को टैग करते हुए पूछा, क्या कहती हैं दीदी। बता दें, दोनों ऐक्ट्रेसेस ने अब तक साथ में काम नहीं किया है लेकिन इस बातचीत को देख ऐसा लगता है कि शायद दोनों किसी फिल्म में साथ काम करें।

देबीना बनर्जी ने बोल्ड अंदाज़ में कराया फोटोशूट

बंगाली ब्यूटी देबीना बनर्जी ने सीरियल में अपने किरदार की इमेज से हट कर ऐसी तस्वीरें शेयर कीं हैं जिन्हें देख के लोग थोड़े दंग रह जाएंगे. जी हां, छोटे पर्दे पर सीता का धार्मिक किरदार निभा चकी यह टीवी अभिनेत्री इंस्टाग्राम पर बेहद बोल्ड अंदाज़ में नजर आई हैं. तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि देबीना ब्लैक कलर की स्विमसूट में नजर आ रही हैं. उनकी ये तस्वीरें हालिया फोटोशूट के दौरान की है. बता दें कि देबीना ने ऐसी तस्वीरों को पहले शायद ही पब्लिक डोमेन में शेयर किया होगा! बीते दिनों थाइलैंड के बीच पर वेकेशन को एंजॉय करने के दौरान की इन तस्वीरों में देबीना की टोन्ड बॉडी नजर आ रही हैं. ऐसा लग रहा है कि इस दौरान देबीना बीच पर सनबाथ कर रही हैं. देबीना के टीवी करियर की बात करें तो वह अपने एक्टर पति गुरमीत चौधरी के साथ एनडीटीवी इमेजिन पर दिखाए गए सीरियल रामायण में सीता का किरदार निभा चुकी हैं. देबीना सब टीवी के सीरियल चिड़िया घर में भी नजर आ चुकी हैं. फिलहाल देबीना अपनी पर्सनल लाइफ को एंजॉय कर रही हैं.

कुली नं 1 के फेमस गाने को रीक्रिएट करेंगे वरुण और सारा

डायरेक्टर डेविड धवन की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग 5 अगस्त से बैंकॉक में शुरू होगी। वरुण धवन, सारा अली खान और परेश रावल स्टारर इस फिल्म को कुली नं 1 का रीमेक बताया जा रहा था लेकिन बीते दिनों एक इंटरव्यू के दौरान खुद डेविड ने कहा कि जिस रीमेक पर वह पिछले एक साल से काम कर रहे थे, वह असल में अब पूरी नई फिल्म है। मिली जानकारी के मुताबिक, फिल्म की टीम ऑरिजनल चार्टबस्टर मैं तो रस्ते से जा रहा था को रीक्रिएट करने जा रही है। नए वर्जन को तनिष्क बागची कंपोज करेंगे। डेविड ने कहा, ऑरिजनल सॉन्ग से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। यह हमारी फिल्म का महत्वपूर्ण गाना है। चूंकि समय बदल गया है, इसलिए वरुण और सारा के साथ मैं गाने को बिल्कुल अलग तरह से पिक्चराइज करूंगा। डेविड ने आगे कहा कि फिल्म की सफलता में गानों की रीकॉल वैल्यू का बड़ा रोल होता है। बता दें, 1995 में आई इस फिल्म के ऑरिजनल गाने को बेंगलुरु में शूट किया गया था। इसे याद करते हुए डेविड ने बताया, भेल पूरी मुंबई का सिग्नेचर स्ट्रीट फूड है। हमें बेंगलुरु में एक ऐसी जगह मिली जहां भेल पूरी के कई स्टॉल थे और गोविंदा व करिश्मा इसके पास से टहलते हुए मुंबई को एक्सप्लोर करते हैं। मुझे उस वक्त लगा कि शहर के तत्व को कैप्चर करने का यही बेस्ट तरीका है।

यह पूछे जाने पर कि नए गाने से फैंस क्या उम्मीद करें, डायरेक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा, यह एक फन सॉन्ग है जो कि कपल के बीच के बॉन्ड को दर्शाता है।